# विद्यार्थियों की रुचि के अनुरूप तैयार करनी होगी शिक्षा और पाठ्यक्रम व्यवस्था : वीसी प्रो. कुहाड़

भास्कर न्यूज़ | महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में गुरुवार को प्रिंसिपल मीट का आयोजन किया गया। विवि की शिक्षा पीठ के इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षा व स्कूली शिक्षा के मध्य अंतरसंबंध स्थापित करना था। कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने कहा कि विवि अंतरराष्ट्रीय शिक्षा के पैमानों को प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति गंभीरता विकसित करने के लिए जरूरी है कि उनकी रुचि के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था को तैयार की जाए।

मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश लावणिया ने कहा कि शिक्षा विभाग महेंद्रगढ़ जिले में स्कूली शिक्षा के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। विवि में आयोजित इस प्रिंसिपल मीट में विभिन्न स्कूलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। मानव संसाधन विकास मंत्रालय से आए डॉ. सज्जाद अहमद ने हकेंवि में पंडित मदन मोहन मालवीय नेशनल मिशन फॉर टीचर्स एंड टीचिंग स्कीम के तहत जारी कार्यक्रमों पर संतोष जाहिर किया। इसकी प्रोजेक्ट प्रमुख डॉ. सारिका शर्मा ने कहा कि बीएड की इंटर्नशिप के सफल आयोजन के लिए हम मुख्य अतिथि से सहयोग चाहते हैं। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अनोज राज ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। प्रो. नीरजा धनखड़, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रो. एसके केजरीवाल तथा विभिन्न विद्यालयों व कॉलेजों के प्रिंसिपल उपस्थित थे।



महेंद्रगढ़. हकेंवि में आयोजित प्रिंसिपल मीट का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़।

# हकेंवि में प्रिंसिपल मीट आयोजित

नारनौल (निस) : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, जांट पाली में आज प्रिंसिपल मीट का आयोजन हुआ। विश्वविद्यालय की शिक्षा पीठ की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षा व स्कूली शिक्षा के मध्य अंतर्सम्बंध स्थापित करना था। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आरसी कुहाड़ ने कहा कि विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति गंभीरता विकसित करने के लिए जरूरी है कि उनकी रुचि के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था को तैयार किया जाए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश लावणिया ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार करने की बात पर जोर दिया।

दैनिक ट्रिब्यून Fri, 16 February 2018
epaper.dainiktribuneonline.c

# विद्यार्थियों की रुचि के अनुरूप तैयार करनी होगी शिक्षा व्यवस्था : कुहाड़

**जागरण संवाददाता, महेंद्रगढ़ :** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में बृहस्पतिवार को प्रिंसिपल मीट का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की शिक्षा पीठ की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षा व स्कूली शिक्षा के मध्य अंतर संबंध स्थापित करना था। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने कहा कि विश्वविद्यालय अंतरराष्टीय शिक्षा के पैमानों को प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है। विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति गंभीरता विकसित करने के लिए जरूरी है कि उनकी रूचि के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था को तैयार किया जाए।

इस अवसर पर कुलपति ने मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश लावणिया का स्वागत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय को लगातार उनके अनुभवों का लाभ मिलता रहता है और उन्हें यकीन है कि आगे भी इसी तरह का संबंध बरकरार रहेगा। कुलपति ने विश्वविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में कहा कि शिक्षा पीठ ही नहीं बल्कि विश्वविद्यालय के स्तर पर आगे भी इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से आपसी संवाद की व्यवस्था जारी रखी जाएगी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुकेश लावणिया ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार करने की बात पर जोर दिया। विश्वविद्यालय में आयोजित इस प्रिंसिपल मीट में विभिन्न स्कूलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।



प्रिंसपिल मीट का शुभारम्भ करते कुलपति प्रो . आरसी कुहाड • जागरण

## प्रिंसिपल मीट

- हकेंवि में प्रिंसिपल मीट का हुआ आयोजन
- कहा, आगे भी होते रहेंगे ऐसे कार्यक्रम

मानव संसाधन विकास मंत्रालय से आए डॉ. सज्जाद अहमद ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में पंडित मदन मोहन मालवीय नेशनल मिशन फोर टीचर्स एंड टीचिंग स्कीम के तहत जारी कार्यक्रमों पर संतोष जाहिर किया। मानव संसाधन विकास मंत्रालय के पंडित मदन मोहन मालवीय नेशनल मिशन फोर टीचर्स एंड टीचिंग की प्रोजेक्ट प्रमुख डॉ. सारिका शर्मा ने कहा कि बी.एड की इंटर्नशिप का सफल आयोजन करने के लिए हम मुख्य अतिथि से सहयोग चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इस सहयोग के अंतर्गत हमारे विद्यार्थी इंटर्नशिप के दौरान स्कूली शिक्षा व्यवस्था को उत्तम बनाने एवं विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल बनाने के प्रयासरत रहेंगे।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. अनोज राज ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रोफेसर नीरजा धनखड़, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एस.के. केजरीवाल तथा विभिन्न विद्यालयों व कॉलेजों के प्रिंसिपल उपस्थित थे।

## हकेंविवि में प्रिंसिपल मीट का आयोजन

# विद्यार्थियों की रूचि के अनुरूप तैयार करनी होगी शिक्षा व्यवस्था

- विश्वविद्यालय में आयोजित प्रिंसिपल मीट में विभिन्न स्कूलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में गुरुवार को प्रिंसिपल मीट का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की शिक्षा पीठ की ओर से आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षा व स्कूली शिक्षा के मध्य अंतर संबंध स्थापित करना था।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने कहा कि विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय शिक्षा के पैमानों को प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति गंभीरता विकसित करने के लिए जरूरी है कि उनकी रूचि के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था को तैयार किया जाए। इस अवसर पर कुलपति ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय को लगातार उनके अनुभवों को लाभ मिलता रहता है और उन्हें यकीन है कि आगे भी इसी तरह का संबंध बरकरार रहेगा। कुलपति ने विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि शिक्षा पीठ ही नहीं बल्कि विश्वविद्यालय के स्तर पर आगे भी इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से आपसी संवाद की व्यवस्था जारी रखी जाएगी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश लावनिया ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार करने की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग महेंद्रगढ़ जिला में स्कूली शिक्षा के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। विश्वविद्यालय में आयोजित इस प्रिंसिपल मीट में विभिन्न स्कूलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। मानव संसाधन विकास मंत्रालय से आए डा. सज्जाद अहमद ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में पंडित मदन मोहन मालवीय नेशनल मिशन फोर टीचर्स एंड टीचिंग स्कीम के तहत जारी कार्यक्रमों पर संतोष जाहिर किया। मानव संसाधन विकास मंत्रालय के पंडित मदन मोहन मालवीय नेशनल मिशन फोर टीचर्स एंड टीचिंग की प्रोजेक्ट प्रमुख डा. सारिका शर्मा ने कहा कि बीएड की इंटर्नशिप का सफल आयोजन करने के लिए हम मुख्य अतिथि से सहयोग चाहते हैं।



महेंद्रगढ़। हकेंविवि में प्रिंसिपल मीट का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़। फोटो: हरिभूमि

उन्होंने कहा कि इस सहयोग के अंतर्गत हमारे विद्यार्थी इंटर्नशिप के दौरान स्कूली शिक्षा व्यवस्था को उत्तम बनाने एवं विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल बनाने के प्रयासरत रहेंगे। डा. अनोज राज ने धन्यवाद प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्रो. नीरजा धनखड़, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रो. एसके केजरीवाल आदि मौजूद थे।